एक नजर में




## उद्यान में रोटरी क्लब ने लगवाई कुर्सियां

**उज्जैन।** संत कबीर नगर स्थित मारुति नंदन उद्यान में आने वाले नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा चार उच्च गुणवत्ता वाली सीमेंटेड कुर्सियां स्थापित की गई हैं। इससे पार्क में सुबह-शाम टहलने आने वाले वरिष्ठ नागरिकों को बैठने में काफी राहत मिलेगी। क्लब अध्यक्ष ईश्वर चंद दुबे के नेतृत्व में हुए इस कार्य में पूर्व मंडलाध्यक्ष रवि प्रकाश लंगर, अतुल जैन और शाहिद हाशमी का विशेष सहयोग रहा। चंद दुबे ने कहा कि उद्यान में बैठने की उचित व्यवस्था न होने से बुजुर्गों को परेशानी होती थी। रवि प्रकाश लंगर ने बताया कि क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर कुर्सियां लगवाई गई हैं। इस अवसर पर कृपाशंकर पांडे, रजत भावसार सहित अन्य नागरिकों का स्वागत किया गया। रजत भावसार ने आभार व्यक्त किया।



## आयकर कानून और रिटर्न के बदलाव पर मंथन

**उज्जैन।** आयकर अधिनियम के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रिटर्न फॉर्म में हुए महत्वपूर्ण बदलावों और प्रस्तावित नए आयकर कानून को लेकर टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन उज्जैन ने माधव क्लब में सेमिनार आयोजित किया। 13 जून को हुई इस प्रोफेशनल मीट में इंदौर से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक माहेश्वरी ने मुख्य वक्ता के रूप में आयकर संबंधी नए नियमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सीए माहेश्वरी ने केंद्र सरकार द्वारा 1961 के आयकर अधिनियम के स्थान पर लाए जा रहे प्रस्तावित नए आयकर कानून के विभिन्न प्रावधानों पर भी विस्तृत चर्चा की और इसके प्रभावों के बारे में बताया। इससे पूर्व कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ संस्था अध्यक्ष सीए निलेश अग्रवाल ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता पीके दास, सुभाष अग्रवाल, विजय नवलखा और सीए सौरभ सोडानी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। संचालन एडवोकेट जेएस चौहान ने किया। सौरभ सोडानी ने आभार माना। यह जानकारी सीए संदेश जैन ने दी।

## हरित भविष्य का लिया संकल्प रोपे पौधे

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश स्टेट ब्रांच और डीपी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, आगर मालवा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ परिसर में आम, अमरूद और बेल सहित विभिन्न फलदार व औषधीय महत्व के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसोसिएशन के सेंट्रल वाइस प्रेसिडेंट और फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की एजुकेशन रेगुलेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दीपेंद्र सिंह थे। इस अवसर पर डॉ. करुणाकर शुक्ला, डॉ. सौरभ जैन और डॉ. धर्मेंद्र चौकसे सहित महाविद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



## आदि गौड़ ब्राह्मण समाज का रामायण पाठ आज से

**उज्जैन।** आदि गौड़ ब्राह्मण समाज में आज से अखण्ड रामयण आरंभ। ट्रस्ट अध्यश सतीशचन्द्र शर्मा, सचिव स्वदेश शर्मा, श्यामसुंदर, मुन्नी लाल शर्मा, राकेश दीक्षित, सुरेन्द्र शर्मा, युवा संगठन के सभी पद अधिकारी, समाज बन्धु की उपस्थिति रही।

# मिलावटखोरों से परेशान लोग, सरोवर पर मिले खराब समोसे

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार लगातार चिंता का विषय बना हुआ है। गली-मोहल्लों, चौराहों, बाजारों और उद्योगपुरी क्षेत्रों तक में खुलेआम खाद्य सामग्री बेची जा रही है। चंद रुपए के अतिरिक्त मुनाफे के लिए लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई अक्सर शिकायत मिलने के बाद ही दिखाई देती है।

शहर में कचोरी, समोसे, चाय, नमकीन, पिज्जा, बर्गर, मोमोज, नूडल्स और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है। कई स्थानों पर खराब तेल, नकली घी और निम्न गुणवत्ता की सामग्री के उपयोग की शिकायतें सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद नियमित जांच और प्रभावी कार्रवाई का अभाव देखने को मिलता है। आम लोगों का कहना है कि त्योहारों के दौरान अभियान तो चलाए जाते हैं, लेकिन उनका असर स्थायी रूप से दिखाई नहीं देता। शहरवासियों का कहना है कि यदि इसी तरह नियमित रूप से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जाए तो मिलावटखोरों पर अंकुश लगाया जा सकता है। वर्तमान में कई स्थानों पर खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी खुलेआम हो रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। आगामी महापर्व में करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा और



स्वच्छता को लेकर प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है। यदि समय रहते मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ धार्मिक नगरी की छवि पर भी असर पड़ सकता है। शहर के नागरिकों ने मांग की है कि खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित निरीक्षण अभियान चलाए और मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि उज्जैन की पहचान स्वच्छ और सुरक्षित धार्मिक नगरी के रूप में बनी रहे।

### कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

इसी बीच शनिवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने फ्रीगंज स्थित सरोवर रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की। सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई जांच के दौरान समोसा, समोसा मसाला और कचौरी मसाले के नमूने लिए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान सरोवर रेस्टोरेंट पर व्यक्तिगत स्वच्छता, पेस्ट कंट्रोल, मेडिकल परीक्षण और रखरखाव संबंधी कमियां भी पाई गईं। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा-32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बदमाश रौनक नरसिंहपुर जेल ट्रांसफर

**उज्जैन। कुख्यात गुर्जर गैंग के बदमाश रौनक गुर्जर की अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ से नरसिंहपुर केन्द्रीय जेल स्थानांतरित किया गया है।**

ढांचा भवन में रहने वाले कुख्यात बदमाश रौनक पिता मनोहर गुर्जर को चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा कुछ दिनों पहले फर्जी गोलीकांड के मामले में गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ जेल भेजा था। बदमाश रौनक के खिलाफ दर्जनों संगीन अपराध है। वह गैंग के माध्यम से शहर में दहशत फैलाने का काम भी करता है। उसकी अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी आदेश पर केंद्रीय जेल उज्जैन से केंद्रीय जेल नरसिंहपुर स्थानांतरण किया गया है। विदित हो कि शहर में किसी भी बदमाश को पुलिस अभी बख्श नहीं रही है। ऐसे में इस प्रकार के कुख्यात बदमाशा जिसने ढांचा भवन क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को जारी रखा और वहां पर दशहत फैला रखी थी।

### प्रशासनिक सुरक्षा के तहत लिया निर्णय

जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि विचाराधीन बंदी रौनक गुर्जर को आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 457 तथा मध्यप्रदेश जेल नियमावली, 1968 के नियम 791 (एफ) के अंतर्गत प्रदत्त प्रावधानों के तहत स्थानांतरित किया गया है। यह निर्णय प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार केंद्रीय जेल उज्जैन प्रशासन द्वारा बंदी से संबंधित आवश्यक अभिलेख, न्यायालयीन दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड तैयार कर नियमानुसार केंद्रीय जेल नरसिंहपुर को हस्तांतरित किये गये है। केंद्रीय जेल नरसिंहपुर प्रशासन द्वारा बंदी को नियमानुसार दाखिल कर जेल नियमों के अनुरूप रखा जाएगा।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में रविवार को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया ने बताया कि रक्तदान शिविर में नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा कुल 65 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में रक्तदान के महत्व, इसके स्वास्थ्य लाभों एवं सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

# ढाई वर्ष बाद मोबाइल में मिले सुसाइड नोट से खुला आत्महत्या का राज

**मामले में नाबालिग और उसके दोस्त के खिलाफ धारा प्रकरण दर्ज किया**

**उज्जैन। क्षिप्रा नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में 33 माह बाद उसके मोबाइल से जान देने की वजह सामने आ गई। मामले में तथ्यों के आधार पर नाबालिग रही युवती और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 306, 34 भादवि का प्रकरण दर्ज किया गया है।**

जवाहर नगर में रहने वाले यश पिता श्याम सिसौदिया 2 अगस्त 2023 को लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी नीलगंगा थाने में दर्ज कराई थी। 2 दिन बाद यश का शव क्षिप्रा नदी बड़े पुल के पास सुनहरी घाट से लाश मिलना सामने आया था। जिसकी जेब से मोबाइल भी मिला था। लेकिन पानी में भीगने की वजह से पूरी तरह बंद हो चुका था। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। मामला आत्महत्या होना सामने आया था लेकिन वजह सामने नहीं आ पाई थी। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल का डाटा खंगालने का प्रयास शुरू किया था। मोबाइल चालू नहीं होने पर सायबर टीम के पास भेजा गया। जहां तकनीकी तरीकों से मोबाइल का डाटा निकालने पर काम शुरू किया। 33 माह बाद पता चला कि आत्महत्या से पहले यश ने मोबाइल वाट्सएप पर सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें उसने नाबालिग युवती और सौरभ सूर्यवंशी निवासी वेदनगर के नाम का उल्लेख कर झूठे मामले में फंसाकर रूपयों की मांग करने की बात लिखी थी। यश ने उक्त सुसाइड नोट स्टोरी पर अपलोड करने का प्रयास किया था लेकिन वह अपलोड नहीं हो पाया था। सायबर से जांच रिपोर्ट जीवाजीगंज थाना पुलिस के पास पहुंची। मामले में थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि मोबाइल में मिले सुसाइड नोट और परिजनों के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या की वजह सामने आने पर सौरभ सूर्यवंशी और नाबालिग रही युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## पौधे भेंटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**उज्जैन।** तीन दिवसीय सार्थक ओलंपिक 2026 के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताओं के रोमांच के साथ पर्यावरण जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। दूसरे दिन कबड्डी, क्रिकेट, वाटर वॉलीबॉल और महिला फुटबॉल के सेमीफायनल मुकाबले खेले गए। आयोजन में ओम जैन और अनिल जैन कालूखेड़ा थे। पर्यावरण संरक्षण का संदेश विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। निलेश सिंघवी ने तुलसी के पौधे भेंट कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

## तस्करों को फिर 19 तक लिया रिमांड पर

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने गरोठ हाइवे ब्रिज के नीचे से 8 जून की रात स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 13 एफआर 2515 में सवार पंकज पिता श्यामराव चरड़े 34 साल निवासी प्रभासिटी पवनगांव नागपुर महाराष्ट्र और अमित पिता महेन्द्र तिवारी 20 साल निवासी बिहार हाल मुकाम जयसिंहपुरा को 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों को पूछताछ के लिये 13 जून तक रिमांड पर लिया गया था। शनिवार को रिमांड अवधि पूरी होने पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोबारा 19 जून तक पूछताछ के लिये रिमांड अवधि बढ़वाई गई है। एएसआई दिनेश सरोठिया के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में पंकज ने मंदसौर के सीमामऊ स्थित करणसिंह से ड्रग्स लाना बताया था। जिसकी तलाश में टीम पहुंची थी लेकिन वह फरार होना सामने आया था। दोनों की मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली गई है। जिसके आधार पर कुछ और जानकारी सामने आई है। पंकज के खिलाफ नागपुर में पहले भी मादक पदार्थ का मामला दर्ज है। अमित बिहार का रहने वाला है। उसके परिजन उज्जैन में पंडिताई करते हैं। अमित ने भी यहां आकर पंडिताई शुरू कर दी थी। कुछ समय पहले पंकज महिला मित्र के साथ उज्जैन आया था। तभी दोनों की पहचान हुई थी। जिसके बाद दोनों मादक पदार्थ का अवैध कारोबार करने लगे। मादक पदार्थ के साथ खाचरौद पुलिस ने भी 7 जून को एक नाबालिग युवती के साथ बबलू पिता गोपाल, कृष्णपाल पिता अशोक और प्रदीप पिता रामेश्वर निवासी मंदसौर को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से डोडाचूरा और अफीम मिली थी। तीनों युवकों को रिमांड पर लिया गया था। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर जेल भेजा गया है। पूछताछ में तीनों ने गणेश पिता रणछोड़ निवासी खजूरिया सारंग मंदसौर से मादक पदार्थ लाना कबूल किया था लेकिन गणेश गिरफ्त में नहीं आ सका।

# जमीन का फर्जी मालिक बन की 38 .92 लाख की धोखाधड़ी

- दूसरों की जमीन अपनी बताकर बेचने का मामला

**उज्जैन। दूसरों की जमीन अपनी बताकर बेचने के मामले लगातार सामने आ रहे है। शनिवार को नया मामला महिदपुर से सामने आया। 1.50 करोड़ में 13 बीघा जमीन का सौदा कर फर्जी अनुबंध कर 38.92 लाख रुपए ले लिये गये। पुलिस ने जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया है।**

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि इंगोरिया के ग्राम कंथारखेड़ी में रहने वाले नवलसिंह पिता पीरूलाल राजावत ने लिखित शिकायती आवेदन दिया था कि उन्होंने अपनी जमीन साढ़े सात बीघा जमीन का सौदा 37 लाख बीघा में वर्ष 2024 में

### जमीन बदल-बदल कर करता था सौदा

इंदौर के व्यक्ति से किया था। उसके बाद दूसरी जमीन की तलाश में था। उस दौरान ग्राम बंजारी में रहने वाले विकास ने पता चला कि ग्राम झरखेड़ी में रहने वाले बालूसिंह द्वारा जमीन खरीदी-बेची जाती है। ग्राम बैजनाथ में उसका आफिस है। बालूसिंह से संपर्क कर जमीन खरीदने की बात कहीं तो उसने ग्राम ठिकरिया में 13 बीघा जमीन दिखाई और कहा कि रतनसिंह से खरीदी है, जिसे बेचना है। 11 लाख रूपये बीघा का रेट है। जमीन देखने के बाद बालूसिंह से 1.50 करोड़ में सौदा तय कर लिया गया। 19 जुलाई 2024 को सौदा चिट्ठी पर बयाने के तौर पर 1.21 लाख रुपए नगद दिये गये। 3 अगस्त 2024 को बालूसिंह ने अनुबंध के लिये भरतपुरी कार्यालय बुलाया और सौ-सौ के 10 स्टाम्प पर अशोक राजावत और अन्य साथियों के सामने अनुबंध किया। उस दौरान 21 लाख 51 हजार नगद और 16 लाख 20 हजार का चैक दिया गया। बालूसिंह ने चैक के बदले नगद देने की बात कहीं। उसे 7 अगस्त को आईसीआईसी बैंक से 16 लाख 20 हजार भी केश कराकर दे दिये।

### नवलसिंह ने करवाया था प्रकरण दर्ज

तीन माह बाद बालूसिंह रजिस्ट्री के लिये कहा तो आनाकानी करने लगा उसने सौदा करने के समय जमीन रतनसिंह से खरीदना बताया था। रतनसिंह से संपर्क करने पर पता चला कि उसे अब तक रुपए नहीं मिले हैं। इसलिये रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्होने सौदा होने की बात कहीं तो रतनसिंह ने कहा कि बालूसिंह से बात करों। बालूसिंह से रुपए लौटाने को कहा तो उसने अलग-अगल नाम से 5 चैक दिये, जो बैंक में बाउंस हो गये। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार लिखित शिकायत पर जांच के बाद पता चला कि बालूसिंह पहले भी कई लोगों से इसी तरह धोखाधड़ी कर चुका है। उसके खिलाफ नवलसिंह की ओर से धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। वर्तमान में बालूसिंह जेल में है। जिसे पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन वारंट पर लाया जायेगा।

# 245 शरीर साधकों को पछाड़ अरबाज ने जीता फेडरेशन कप

**उज्जैन।** इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में पंजाब एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग संगठन द्वारा लुधियाना के अंबेडकर हाल में आयोजित 15वीं सीनियर, विमेंस, फिटनेस, वूमेन मॉडल और फिजिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है।

प्रदेश के बॉडीबिल्डर अरबाज खान ने 27 राज्यों के 245 शरीर साधकों को पछाड़ते हुए फेडरेशन कप और एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार पर कब्जा जमाया है। बॉडीबिल्डिंग के इतिहास में मध्य प्रदेश को यह स्वर्णिम उपलब्धि पहली



बार प्राप्त हुई है। चैंपियनशिप में प्रदेश के अन्य शरीर साधकों ने भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। 90 किलोग्राम वर्ग में प्रदीप ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं, मेंस फिजिक में अफराज खान ने सिल्वर मेडल पर अपना अधिकार जमाया। आयोजन के दौरान राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास को शान-ए-बॉडीबिल्डिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के चेयरपर्सन प्रेम सिंह यादव, अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा और इंजीनियर गजेंद्र मेहता ने विजेताओं को बधाई प्रेषित की है।

### प्रेम चंद ढींगरा ने किया पुरस्कार का वितरण

विजेताओं को पुरस्कार वितरण वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे, इंडिया बॉडीबिल्डर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी रमेश और पद्मश्री प्रेमचंद ढींगरा ने किया। इस अवसर पर जॉइंट सेक्रेटरी अतिन तिवारी और इंटरनेशनल रेफरी रोहित जेठवा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## शबरी प्रेम प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**उज्जैन।** महाकाल की पावन नगरी से प्रारंभ हुई 12 ज्योतिर्लिंग कथा के अंतर्गत दशहरा मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के आठवें दिन शबरी प्रेम प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक राजन महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीराम और माता शबरी के निष्काम प्रेम, समर्पण एवं भक्ति की महिमा सुन हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। शिवम भार्गव ने बताया कि यह दिव्य कथा 6 जून से 14 जून तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से आयोजित की जा रही थी। कथा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## भाव और तुलसी पत्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं भगवान : मुकुंदाचार्य

- सिंधी कॉलोनी में सप्तदिवसीय
- भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब,

**उज्जैन।** सिंधी कॉलोनी में सिंधु सेना द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय भागवत कथा में स्थानीय धर्मप्रेमी जनता का विशाल जनसैलाब उमड़ा। आयोजन में कथावाचक मुकुंदाचार्य ने सहज और सरल शैली में कथा का वाचन कर श्रद्धालुओं को धर्म लाभ प्रदान किया।

व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुकुंदाचार्य ने कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं। जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण अपने सखा सुदामा से प्रसन्न थे, उसी तरह प्रभु भक्तों द्वारा सच्चे मन से अर्पित



किए गए फूल और तुलसी पत्र मात्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं। आयोजन में किशोर मुलानी, विनोद मुलानी, महेश परियानी, संतोष लालवानी, जीतेन्द्र कृपलानी, राजकुमार परसवानी, अमित सोलंकी और मनोज रोचवानी उपस्थित रहे। वहीं मातृशक्ति के रूप में भारतीय सिंधु सभा, राष्ट्रीय सिंधी मंच और झूलेलाल महिला मण्डल से माया मुलानी, कामया लालवानी, डिम्पल मुलानी, रौशनी मुलानी, शोभा शर्मा, कान्ता रोचवानी, वीना परसवानी सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों ने कथा का आनंद प्राप्त किया। आयोजन की सूचना गिरधारी लालवानी द्वारा दी गई।

## चारभुजा नाथ मंदिर में सजी वेणी माधव लीला की मनमोहक झांकी

- पुरुषोत्तम मास में उमड़ रहे श्रद्धालु,
- भगवान को लगा केसरिया भात का भोग

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के दौरान गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में प्रतिदिन विभिन्न उत्सवों की शृंखला जारी है। आकर्षक झांकियों के दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में मंदिर में वेणी माधव लीला उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मनोरथी नंदकिशोर और सुभाष चंद्र लखोटिया परिवार की ओर से मुखिया नंदकिशोर व मंजू लखोटिया की उपस्थिति में पं. बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा द्वारा भगवान की मनमोहक झांकी सजाई गई। उत्सव के



### आरती में यह श्रद्धालु रहे उपस्थित

आरती में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, भूपेंद्र भूतड़ा, दिनेश चंद्र डाढ़, नृसिंह देवपुरा, इंदरमल खटोड़, महेश चांडक, कमलेश मंत्री, ओमप्रकाश मूंदड़ा, सुनील लाहोटी, रमेश चंद्र मालपानी, वल्लभ चांडक, पुनीत-निधि मालपानी, जितेंद्र तोषनीवाल, राकेश बसेर और संदीप भूतड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

दौरान एक गुप्त मनोरथी द्वारा भगवान को केसरिया भात का भोग अर्पित किया गया, जिसे आरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। नित्य झांकी सजाकर दर्शन की मनमोहक व्यवस्था संभालने वाले अंकित मूंदड़ा और पं. बृजभूषण दीक्षित का सम्मान किया।

**अधिकमास में भक्ति** ▶ पुरुषोत्तम मास में वैष्णव हवेलियों में प्रतिदिन हो रहे चार अलग-अलग मनोरथ, उमड़ रहे श्रद्धालु

# ठाकुरजी को लगाया 56 भोग, महाप्रभु की बैठक में छाक मनोरथ के दर्शन

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री महाप्रभु जी की बैठक में छाक मनोरथ के विशेष दर्शन हुए। इस दौरान ठाकुर जी को 56 से अधिक प्रकार के पकवानों का भोग लगाया गया। सैकड़ों वैष्णव भक्तों ने छाक मनोरथ के दर्शन कर धर्म लाभ लिया और अपने जीवन को सार्थक बनाया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन महाप्रभु जी की बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। परंपरानुसार छाक मनोरथ के दर्शन वर्ष में एक बार



होते हैं। तीन वर्ष में एक बार आने वाले अधिक मास का वैष्णव संप्रदाय में विशेष महत्व है। इस पवित्र एक माह में ही पूरे वर्ष भर के सभी मनोरथों का पुण्य प्राप्त हो जाता है। इन दिनों शहर की वैष्णव हवेलियों में समय-समय पर प्रतिदिन दिन में चार बार अलग-अलग मनोरथों के दर्शन हो रहे हैं। इस दुर्लभ संयोग और दर्शनों का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु हवेलियों में पहुंच रहे हैं।

### महाआरती और भजन संध्या आज

उज्जैन। नलिया बाखल स्थित पुष्कर सागर पर अधिक मास के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं प्रतिदिन पहुंचकर पूजन-अर्चन कर रही थीं। पुरुषोत्तम मास के समापन अवसर पर पुष्कर सागर सेवा समिति द्वारा महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। समिति के गौरव प्रजापत एवं आशुतोष दुबे ने बताया कि सोमवार 15 जून को शाम 7 बजे पुष्कर सागर पर महाआरती एवं भजन संध्या आयोजित होगी। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा पूरे क्षेत्र को आकर्षक रूप से सजाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाआरती के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात भजन संध्या का आयोजन होगा। समिति ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे दो दीपक लेकर कार्यक्रम में शामिल हों और धर्म लाभ प्राप्त करें। मान्यता है कि यहां दो दीपकों से आरती करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। बता दें कि अधिकमास में प्रतिदिन मंदिरों में अनेक प्रकार की पूजन सामग्री दान की जा रही है। इसके साथ निर्धनों को भी कपड़ों के साथ मिठाई का भी वितरण किया जा रहा है।